हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 27 अप्रैल 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा

04 गेहूं उपार्जन में पारदर्शिता पर जोर, गुणवत्ता और तौल...


07 नए स्मार्ट मीटर से विद्युत विभाग डाका डाल रहा...


## खबर संक्षेप में



### मंत्री पटेल ने नर्मदा गुंजारी घाट पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया

**सीहोर।** पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधनी जनपद के ग्राम जोशीपुर में गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर चल रहे पुनर्निर्माण एवं नवसंवार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभी तक की कार्य प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि संगम स्थलों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के कार्य नियमित रूप से जारी रखें। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नदियाँ केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति की जीवनरेखा हैं, जिनकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व है।

### 70 प्रतिशत शिक्षक जनगणना में, प्रोफाइल अपडेट दूसरी बोर्ड परीक्षा, मूल्यांकन पर सीधा असर

**सीहोर।** 1 मई से 30 मई तक जनगणना 2027 के तहत मकानों की गणना शुरू होने जा रही है। इसका सीधा असर जिले की शिक्षा व्यवस्था पर दिख रहा है। जिले में करीब 3000 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें लगभग 70 फीसदी शिक्षक हैं। स्कूलों का नियमित संचालन गंभीर रूप से प्रभावित होगा। अभी कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इस दौरान भी कई स्कूलों में न बच्चे दिखाई दे रहे हैं। न सभी शिक्षक पहुंच रहे हैं। जनगणना प्रशिक्षण के चलते कई स्कूलों में शिक्षक नजर नहीं आ रहे हैं। कई शिक्षक ड्यूटी हटवाने के प्रयास में लगे हैं। कुछ शिक्षक ड्यूटी हटवाने के बाद भी स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। स्कूलों में अव्यवस्था बढ़ रही है। कई प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में एक भी शिक्षक उपलब्ध नहीं बचा है। हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में केवल एक या दो शिक्षक मौजूद हैं। जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के काम और शिक्षा व्यवस्था के बीच संतुलन बनाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हुई, तो असर पूरे शैक्षणिक सत्र पर पड़ सकता है।

### ठंडे पेय और मटकों की बढ़ी मांग, सेहत पर खतरा, बरतें सावधानी

# सूरज बरसा रहा आग, पारा 44 डिग्री पार, लू के थपेड़ों से थमा जनजीवन, हर चेहरा बेहाल

गर्मी का आलम यह है कि दोपहर के समय सीहोर, आष्टा, बुधनी, रेहटी, भैरुंदा और इछावर जैसे कस्बों की सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर





जिले में गर्मी ने इस बार अपने तेवर कुछ इस कदर दिखाए हैं कि सुबह की ठंडी हवा अब बीते दिनों की बात लगने लगी है। सूरज जैसे ही आसमान में चढ़ता है, उसकी तपिश सीधे लोगों की सांसों पर असर डालने लगती है। सुबह 9 बजे के बाद ही ऐसा महसूस होने लगता है मानो दोपहर अपने चरम पर पहुंच गई हो। तेज धूप की चुभन लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर रही है।

शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जो सामान्य से करीब 6 डिग्री अधिक है। वहीं रात का तापमान भी 27-28 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जिससे लोगों को रात में भी राहत नहीं मिल पा रही। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में इस तरह की भीषण गर्मी ने मौसम के सारे पुराने रिकॉर्ड को चुनौती दे दी है।

**मौसम विभाग की चेतावनी, अभी और बढ़ेगी गर्मी**

आरके कॉलेज मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही। राजस्थान की ओर से आ रही गर्म हवाएं सीहोर सहित पूरे मध्यप्रदेश को झुलसा रही हैं। आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान में 1 से 2 डिग्री तक और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लू का असर और भी खतरनाक हो सकता है।

गर्मी का आलम यह है कि दोपहर के समय सीहोर, आष्टा, बुधनी, रेहटी, भैरुंदा और इछावर जैसे कस्बों की सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। लोग केवल जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। जो लोग निकलते भी हैं, वे सिर पर टोपी, आंखों पर चश्मा और चेहरे को गमछे से ढंककर ही बाहर कदम रखते हैं। लू के थपेड़े मानो हर राहगीर को चुनौती दे रहे हों। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों की ओर रुख कर रहे हैं। शहर के बाजारों में गन्ने का रस, नींबू पानी, लस्सी और छाछ की दुकानों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। वहीं मिट्टी के घड़ों की मांग भी अचानक बढ़ गई है।

गांवों में पशु-पक्षियों के लिए भी यह समय कठिन साबित हो रहा है, ऐसे में समाजसेवी संस्थाएं पानी के सकोरे रखकर मानवता का परिचय दे रही हैं।

## फायर फाइटर टैंकरों ने बुझाई जुगराजपुर जंगल में लगी आग

**सीहोर।** सीलखेड़ा पंचायत क्षेत्र के जूगराज पूरा के जंगल में अचानक शुक्रवार दोपहर में आग लग गई। जंगल से उड़ते धुएं और आग ने किसानों को चिंता में डाल दिया।

विधायक सुदेश राय ने सूचना मिलते ही जंगल में लगी आग की घटना को गंभीरता से लिया और नगर पालिका अग्निशमन विभाग सीहोर सहित सुआ खेड़ी सरपंच सुलोचना दांगी और अजमत नगर के सरपंच को मौके पर फायर फाइटर टैंकर भेजने के लिए कहा। सही समय पर मौके पर पहुंचे फायर फाइटर टैंकरों और नगर पालिका की फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्र के जागरूक किसानों ने इस प्राकृतिक आपदा की सूचना तत्काल विधायक सुदेश राय को मोबाइल के माध्यम से दी। किसानों का कहना था कि अगर आग पर काबू पाया नहीं जा सका तो उनके खेतों और गांव तक आग पहुंच जाएगी। जिस से जानमाल की काफी हानि हो सकती है। भीषण गर्मी के कारण विधानसभा क्षेत्र के जंगलों और खेत खलियानों में आग का असर दिखाई दे रहा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से नीलगाय की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रदेश सहित जिले भर में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जिससे न केवल इंसान बल्कि पशु-पक्षी और जंगली जानवर भी हलाकान हैं। जंगलों में जलस्तर घटने और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के सूखने के कारण वन्य प्राणी पानी की तलाश में बसाहटों की ओर रुख कर रहे हैं। इसी तलाश में शनिवार को ग्राम लसुडिय़ा के पास हाईवे पर एक दुखद हादसा हो गया, जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मादा नीलगाय की जान चली गई। ग्रामीणों की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मृत नीलगाय के शव को अपने कब्जे में लिया। टीम ने घटनास्थल का पंचनामा तैयार किया। प्रथम दृष्टया यह साफ है कि नीलगाय को किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। विभाग ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया है, ताकि मौत के सटीक कारणों का पता चल सके।

**भीषण गर्मी और पानी का संकट**

बता दें कि गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगली जानवरों के लिए अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। प्यास बुझाने के चक्कर में ये जानवर जंगलों की सीमा लांघकर नेशनल हाईवे और गांवों की ओर आ रहे हैं, जहां वे दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

### न्यायालीन कार्य हो रहे प्रभावित

## सुसनेर में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का पद 6 माह से रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुसनेर का पद पिछले 6 महीनों से रिक्त होने से न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं जिससे पक्षकारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभाषक संघ द्वारा इस संबंध में उच्च न्यायालय जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र पदस्थापना की मांग भी की गई है। स्थानांतरण प्रक्रिया जारी होने के बावजूद अब तक उक्त पद पर न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं हो सकी है। संघ ने मांग की है कि न्याय व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने शीघ्र रिक्त पद को भरा जाए , ताकि क्षेत्र के जनता को समय पर न्याय मिल सके।

वरिष्ठ अभिभाषक आशीष जैन ने बताया कि 6-7 माह से पद रिक्त होने पर कई गंभीर और ट्रायल स्टेज पर चल रहे प्रकरणों के साथ विशेष न्यायालय ( विद्युत ) एवं महिलाओं से जुड़े सैकड़ों मामले विचाराधीन हैं। साथ ही जेल में बंद कैदियों के प्रकरण और क्लेम राशि प्राप्त करने के लिए क्लेम आवेदन तथा कई जमीन संबंधी स्टे के प्रकरण लंबित है। सुसनेर सत्र न्यायालय में लगभग 1200 से अधिक प्रकरण लंबित है। सुसनेर के दो सिविल न्यायालय और नलखेड़ा के एक सिविल न्यायालय की कई दीवानी और आपराधिक अपीलें भी लंबित है। इस सत्र न्यायालय को नलखेड़ा तहसील के लगभग 100 गांव और सुसनेर और सोयत तहसील के लगभग 100 गांव के प्रकरणों का विचाराधिकार प्राप्त है। उनके द्वारा रिक्त पद पर शीघ्र नियुक्ति की मांग की गई जिससे कि न्याय व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके तथा क्षेत्र की जनता को समय पर न्याय मिल सके।

**परीक्षा में पंजीकृत 437 अभ्यर्थियों में से 339 अभ्यर्थी उपस्थित रहे**

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 जिले में शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार को जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिले में परीक्षा हेतु एकमात्र केंद्र सांदीपनि विद्यालय (शासकीय मॉडल विद्यालय, आगर) निर्धारित किया गया था, जहां समस्त व्यवस्थाओं के बीच परीक्षा निर्विघ्न रूप से आयोजित की गई। परीक्षा में कुल पंजीकृत 437 अभ्यर्थियों में से 339 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित की गई। प्रथम शिफ्ट में 437 में से 342 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 95 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय शिफ्ट में 339 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 98 अनुपस्थित रहे।

**सुरक्षा के कड़े उपाय**

आयोग के निर्देशानुसार इस वर्ष परीक्षा में उन्नत सुरक्षा व्यवस्थाएं लागू की गईं। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग तथा हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर के माध्यम से सघन जांच की गई। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने हेतु त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू रही। परीक्षा के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया गया। एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा तथा तहसीलदार विजय सेनानी सहित अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संपूर्ण प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी।



### 65 जोड़ो ने विवाह बंधन में बंधकर दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की

# आदर्श मेघवाल समाज का विवाह सम्मेलन आयोजित








हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नगर के समीप चौमा शिवतोड़ा में आदर्श मेघवाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 65 वर-वधुओं ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधकर अपने दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम में संत सत्यानंद महाराज ने अपनी प्रेरणादायक वाणी से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और समाज में एकता, भाईचारा एवं संस्कारों का संदेश दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता अध्यक्ष मोहनलाल पाठोंदिया ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुसनेर विधायक भैरु सिंह परिहार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजमल सोनी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष गौरीशंकर सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य लोकेंद्र सिंह आरोलिया, एडवोकेट हरि नारायण राठौर, पार्षद दरबार सिंह आर्य, सैय्यद शाकिब हुसैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सज्जन सिंह सोलंकी एवं कैलाश सूर्यवंशी (अजाक्स प्रदेश अध्यक्ष) सहित अनेक गणमान्य अतिथि मंचासीन रहे। विधायक भैरु सिंह परिहार ने अपने उद्बोधन में कहा कि उनका मेघवाल समाज से हमेशा पारिवारिक संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सदैव समाज के साथ मिलकर कार्य किया है और आगे भी आपसी मतभेद दूर कर भाईचारा बनाए रखने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में सुसनेर क्षेत्र में मेघवाल समाज के किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं हुआ है और आगे भी नहीं होने दिया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर ने भी अपने संबोधन में नवविवाहित जोड़ों को शुभाशीष देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।

आयोजक समिति द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पमाला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।इस दौरान मुकेश चौहान, मोहनलाल जादम, राधेश्याम सूर्यवंशी, गोवर्धनलाल मेघवाल, गंगाराम सूर्यवंशी, नाथूलाल वर्मा, कैलाश सूर्यवंशी, बलराम चौहान, सिद्धनाथ सिंह, देवीलाल अटेडिया, रमेश चंद्र सम्रावत, मनोहर सिंह कटारिया, भेरूलाल गोहाटिया, रामनाथ (उज्जैन), प्रभुलाल सूर्यवंशी, रामलाल सम्रावत (उज्जैन), जगदीश भ्यांजा, कमल सूर्यवंशी, भंवरलाल झटगांव, संजय बामनिया, रमेश मेघवाल, रामचंद्र बागड़िया सहित अनेक जनप्रतिनिधि व समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमर सिंह सूर्यवंशी ने किया, जबकि आभार रतनलाल सूर्यवंशी ने व्यक्त किया। यह सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक समरसता, सहयोग और सादगीपूर्ण विवाह परंपरा को बढ़ावा देने का प्रेरणादायक उदाहरण बना।

## मंडल के सभी मतदान केंद्रों पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133वें संस्करण को नलखेड़ा मंडल के सभी मतदान केंद्रों पर सुना गया। नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 189 पर मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता,नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, पार्षद गोवर्धन वेदिया, युवा मोर्चा जिला मंत्री हेमंत जायसवाल, भाजपा मंडल महामंत्री शिवम नागर, मंडल उपाध्यक्ष पूजा चेलावत द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी से जनगणना में बढ़ चढ़कर भाग लेने और बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की। इस बार डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें नागरिक अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। इस अवसर पर उन्होंने डेयरी और न्यूक्लियर सेक्टर में भारत की अभूतपूर्व प्रगति के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी चर्चा की।

### घोड़ी वाले रघुनाथ सिंह का 55 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन

**कानड़।** घोड़ी वाले के नाम से



पहचाने जाने वाले रघुनाथ सिंह राजपूत ग्राम शिवगढ़ 55 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। रघुनाथ सिंह शादियों के मौके पर दूल्हे के लिए घोड़ी उपलब्ध कराने का कार्य करते थे। इसी क्रम में शनिवार की रात को रघुनाथ सिंह एक विवाह समारोह में घोड़ी ले गए थे जहां विवाह वाले घर उन्होंने रात्रि में वर निकासी के बाद सो गए और रात में ही उनका आकस्मिक निधन हो गया। रविवार सुबह शादी समारोह वाले घर के सदस्य जब उन्हें जागने लगे तो रघुनाथ सिंह नहीं उठे। इस तरह रघुनाथ सिंह राजपूत की आकस्मिक मौत से शादी वाले परिवार में मातम छाया गया। परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल हो गया।

**खबर संक्षेप**

## प्रीति यादव देवास जिला महिला विभाग की जिलाध्यक्ष नियुक्त



देवास। सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका और कर्मठता के लिए पहचान रखने वाली प्रीति यादव को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें भारत तिब्बत समन्वय संघ जिला देवास (मालवा प्रांत) का जिलाध्यक्ष (महिला विभाग) मनोनीत किया गया है। उनकी इस नियुक्ति का प्रस्ताव मालवा प्रांत की उपाध्यक्ष (महिला) श्रीमती शोभा गोस्वामी द्वारा रखा गया था, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। संगठन द्वारा जारी सूचना के अनुसार यादव की सदस्यता आगामी छह वर्षों के लिए प्रभावी होगी, जो 23 अप्रैल 2032 तक मान्य रहेगी। प्रीति यादव लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी कार्यकुशलता और महिलाओं के उत्थान के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन पर यह भरोसा जताया है। जिलाध्यक्ष बनने के बाद यादव जिले में महिला सशक्तीकरण और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगी। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद से ही संगठन के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें बधाइयां देने का क्रम जारी है। शोभा गोस्वामी सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल के लिए अनंत मंगलकामनाएँ प्रेषित की हैं। उक्त जानकारी संघ के जयदेव वर्मा ने दी।

### कलेक्टर ने खुद संभाली कमान, राजोदा उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण

# गेहूं उपार्जन में पारदर्शिता पर जोर, गुणवत्ता और तौल व्यवस्था जांची, दिए दिशा-निर्देश

किसानों से लिया फीडबैक, गुणवत्ता और तौल में गड़बड़ी पर की सख्ती, 2250 क्विंटल प्रतिदिन खरीदी का लक्ष्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य जारी है। शनिवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने राजोदा स्थित मातृशक्ति वेयरहाउस क्रमांक-01 (सेवा सहकारी समिति बैरागढ़) में संचालित उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपार्जित गेहूं की गुणवत्ता तथा तौल की जा रही बोरियों के वजन की जांच की। उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और वैध स्लॉट वाले शेष किसानों की शीघ्र तौल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को निर्देशित किया कि एफ.ए.क्यू. मानक के अनुसार गेहूं खरीदी की जाए तथा प्रतिदिन 2250 क्विंटल उपार्जन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं—तौल कांटे, हम्माल व तुलावटी आदि—सुनिश्चित रहें।किसानों ने केंद्र पर पेयजल, छाया और शौचालय जैसी सुविधाओं पर संतुष्टि जताई।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर संजीव जैन, उपायुक्त सहकारिता दीपाली खंडेलवाल, जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।जिले में अब तक 9.83 लाख क्विंटल गेहूं की खरीदीजिले में 77,335 पंजीकृत किसानों में से 37,019 ने स्लॉट बुक किया है, जबकि 23,147 किसान अपनी उपज बेच चुके हैं। अब तक कुल 9,83,140 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है।केवल 25 अप्रैल को 935 किसानों से लगभग 35,000 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। भुगतान के लिए लगभग 150 करोड़ रुपए के ईपीओ प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 102.70 करोड़ रुपए किसानों के आधार लिंक खातों में जमा किए जा चुके हैं।09 मई तक बढ़ी स्लॉट बुकिंग की अवधिराज्य शासन ने किसानों की सुविधा को देखते हुए गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 09 मई 2026 तक बढ़ा दी है। अब छोटे, मध्यम और बड़े सभी किसान समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल (2585 + 40 बोनस) पर गेहूं विक्रय कर सकते हैं।



## जिला देवास में विशेष जेल लोक अदालत का किया आयोजन

**बंदियों को मिली राहत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास द्वारा रविवार को जिला जेल देवास में "विशेष जेल लोक अदालत" का आयोजन किया गया।

यह आयोजन संपूर्ण मध्यप्रदेश में मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा के मार्गदर्शन में वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुआ। जिला जेल देवास से इस कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उनके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रोहित श्रीवास्तव, व्यवहार न्यायाधीश दीक्षा मौर्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी सुभाष चौधरी एवं जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद की उपस्थिति रही। इसके अलावा खंडपीठ के सदस्य श्वेतांकराज शुक्ला, संबंधित न्यायालय के कर्मचारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, जेल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में बंदीगण भी उपस्थित रहे।लोक अदालत का उद्देश्य बंदियों को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना रहा।

इस दौरान व्यवहार न्यायाधीश दीक्षा मौर्य की खंडपीठ द्वारा विभिन्न प्रकरणों में बंदियों एवं फरियादियों से सीधी चर्चा की गई। आपसी सहमति और समझाइश के माध्यम से मामलों को सुलझाने का प्रयास किया गया, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाया जा सके।

खंडपीठ के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों में से 4 मामलों का आपसी राजीनामा के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इस पहल से न केवल बंदियों को राहत मिली, बल्कि न्यायालयों में लंबित मामलों के भार को कम करने की दिशा में भी सकारात्मक कदम साबित हुआ।

## आगजनी से प्रभावित गरीब झुग्गी परिवारों से मिलने पहुंचे सोनकच्छ पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा



**भौरासा।** नेवरी फाटा के पास खाटू श्याम मंदिर के पीछे खेत में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते 1 दर्जन से अधिक झुग्गियों तक जा पहुंची। इस भीषण आग में 4 से अधिक झुग्गी-झोपड़ियां पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। आग की चपेट में आने से गरीब परिवारों का पूरा गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया, वहीं झुग्गियों में रखी नगदी भी जल गई। कुछ स्थानों पर अधजले नोट भी मिले हैं। एक झुग्गी में रखे करीब 2 लाख रुपए भी आग की भेंट चढ़ गए।रहवासियों ने हैंडपंप और अन्य साधनों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज थी कि सब कुछ देखते ही देखते स्वाहा हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सोनकच्छ और देवास से फायर ब्रिगेड करीब डेढ़ घंटे की देरी से मौके पर पहुंची, तब तक अधिकांश झुग्गियां जल चुकी थीं। बाद में पहुंची 2 से अधिक फायर ब्रिगेड टीमों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना के बाद सोनकच्छ के पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने तत्काल भोजन की व्यवस्था करवाई, साथ ही छोटे बच्चों के लिए दूध और बिस्कुट उपलब्ध कराए।पूर्व विधायक वर्मा ने मौके से ही एसडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर बात कर पीड़ितों का सर्वे कराने, राहत राशि दिलाने और हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# आयुक्त ने किया ट्रेंचिंग ग्राउंड का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




निगमायुक्त दलीप कुमार ने बीते शुक्रवार ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का औचक निरीक्षण किया। सेंटर में देवास शहर के रहवासियों से प्रतिदिन प्राप्त होने वाले सूखे कचरे की छंटाई पश्चात शेष अपशिष्ट आरडीएफ को सीमेंट इंडस्ट्री को सतत भेजने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के निर्देश एसबीएम प्रभारी सौरभ त्रिपाठी को दिए।गार्डनों से आ रहे गीले एवं सूखे कचरे की जानकारी लेते हुए स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे को निर्देशित किया कि वैवाहिक एवं अन्य कार्यक्रमों से आ रहे गीले एवं सूखे कचरे पर फोकस करें। सूखे कचरे में अन्य वेस्ट गीली सामग्री की समस्या को देखते हुए सभी गार्डनों से संपर्क कर कचरे को अलग अलग एकत्रित कर गाड़ी में डाले जाने को कहा। सुधार नहीं होने की दशा में गार्डनों के विरुद्ध बड़े पैमाने पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने वार्डों से आ रहे कचरा संग्रहण वाहन के अलग अलग डस्टबीन में गीले एवं सूखे कचरे को देखा। उन्होंने बताया कि निगम आईईसी कर्मचारी जो कचरा वाहनों के साथ वार्डों में जा रहे हैं, वे रहवासियों में स्वच्छता के संबंध में तथा गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग डस्टबीनों में डाले जाने पर जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण की गाइडलाइन का पालन किस प्रकार से हो, इस पर समझाइश दे रहे हैं जिससे नागरिकों में जागरूकता आ रही है। वार्डों से मिक्स कचरा आने में बहुत ज्यादा सुधार हुआ है। साथ ही आयुक्त ने ट्रेंचिंग ग्राउंड गार्डन में पौधों में पानी दिए जाने के निर्देश भी दिए।

# सेन थॉम एकेडमी ने सीबीएसई के नए पाठ्यक्रम बदलावों पर अभिभावकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड में कक्षा 6 से 9 तक के अभिभावकों को सीबीएसई द्वारा किए गए नवीनतम पाठ्यक्रम परिवर्तनों से अवगत कराने हेतु एक ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र दो चरणों में आयोजित किया गया। विद्यालय के शैक्षणिक समन्वयक जॉनसन थॉमस ने अभिभावकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा एनसीएफ एसई 2023 के अनुरूप किए गए परिवर्तनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संशोधित पाठ्यक्रम समग्र एवं दक्षता-आधारित शिक्षा पर केंद्रित है।मुख्य परिवर्तनों में कक्षा 6से 8के लिए व्यावसायिक शिक्षा (कौशल बोध) तथा कक्षा 9 और 10 वी के लिए कौशल विकास का समावेश शामिल है, जो कक्षा 10बोर्ड परीक्षा के लिए अनिवार्य होगा।

कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (CT/AI) को भी मिडिल स्कूल स्तर पर शामिल किया गया है और यह कक्षा 6से 9तक अनिवार्य रहेगा तथा 2028–29 सत्र से कक्षा 10में भी अनिवार्य होगा।विद्यालय ने तृतीय भाषा के चरणबद्ध क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें संस्कृत को कक्षा 8के बाद भी जारी रखा जाएगा। वर्तमान सत्र में कक्षा 6के छात्र 2030–31 सत्र में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में इस विषय में शामिल होंगे।कक्षा 9के लिए सीबीएसई ने उन्नत स्तर की विज्ञान और गणित विषयों की शुरुआत की है, जो वैकल्पिक हैं। इसके लिए छात्रों को अतिरिक्त एक घंटे की परीक्षा देनी होगी, जो अगले सत्र से कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा का हिस्सा होगी।अंतर्विषयक दृष्टिकोण के तहत कक्षा 9 मेंइसीसत्र से "इंडिविजुअल्स इन सोसाइटी" तथा कक्षा 10में (2027–28 सत्र से) पर्यावरण शिक्षा को शामिल किया जा रहा है। कौशल विषय पूर्ववत जारी रहेंगे।विद्यालय ने इन परिवर्तनों के प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षकों और अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इन सुधारों का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किकता, सृजनात्मकता और समग्र विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। सत्र का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पुनीत उपाध्याय एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# गर्मी की प्यासः जिले के खिवनी अभ्यारण्य में बाघिन मीरा शावक के साथ पानी पीते हुए कैमरे में हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के खिवनी अभयारण्य में भीषण गर्मी के बीच एक बाघिन मीरा अपने शावक के साथ झिरी पर पानी पीते हुए देखी गई। यह दृश्य वन्यजीव प्रेमियों के लिए खास रहा।


जानकारी अनुसार, बाघिन मीरा पहले झिरी पर पहुंची और पानी पीने से पहले उसने आसपास का जायजा लिया।पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद उसने अपने शावक को संकेत दिया। कुछ ही देर में शावक भी अपनी मां के पास पहुंचा और दोनों ने साथ मिलकर अपनी प्यास बुझाई। मां और शावक कुछ देर तक पानी पीते रहे और फिर शांतिपूर्वक वहां से चले गए। इन दिनों खिवनी अभयारण्य में बाघ युवराज अपने परिवार के साथ लगातार सक्रिय देखा जा रहा है। उसके साथ बाघिन मीरा और उनके शावक भी अक्सर पर्यटकों को दिखाई देते हैं। गर्मी बढ़ने के कारण वन्यजीव जल स्त्रोतों के आसपास अपनी प्यास बुझाते हुए नजर आ रहे हैं।

वन विभाग के अनुसार, भीषण गर्मी को देखते हुए जंगल में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, ताकि वन्यजीवों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अभयारण्य के अधीक्षक विकास माहौर ने बताया कि बाघिन मीरा अपने शावकों की सुरक्षा और पानी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए उन्हें साथ लेकर चलती है। हाल ही में वह अपने एक शावक के साथ पानी पीते हुए देखी गई।

### संघ के शताब्दी वर्ष पर देवास में प्रमुखजन गोष्ठियों का हुआ आयोजन

# सबका कृत्य उत्कृष्ट होगा तो भारत श्रेष्ठ बनेगाः मनमोहन वैद्य





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में देवास स्थित सेंट्रल इंडिया एकेडमी विद्यालय के सभागार में मातृशक्तियों एवं प्रमुख नागरिकों के लिए दो अलग-अलग गोष्ठियों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य मनमोहन वैद्य उपस्थित रहे। उनके साथ देवास विभाग संघचालक अजय गुप्ता एवं जिला संघचालक विमल अग्रवाल मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।अपने संबोधन में वैद्य ने कहा कि हमें अपनी पहचान और राष्ट्रनिर्माण में पूर्वजों के योगदान को समझना होगा। उन्होंने भारतीय संस्कृति के चार मूल आधार—"एकम सत विप्रा बहुधा वदन्ति", "अनेकता में एकता", "सभी प्राणियों में ईश्वर" और "ईश्वरत्व को प्रकट करने वाला आचरण"—पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत एक उद्यान की तरह है और हम सभी उसके पौधे हैं, जिन्हें हर परिस्थिति में राष्ट्र के साथ जुड़े रहना चाहिए।

भारत ने कभी किसी देश को लूटा या गुलाम नहीं बनाया, बल्कि जहां भी भारतीय गए, वहां उद्योग, व्यापार और तकनीक का प्रसार किया। उन्होंने बताया कि 1700 तक विश्व की जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक थी। साथ ही उन्होंने भारतीय अध्यात्म को त्याग, समाज हित और पर्यावरण हित से जुड़ा बताया।मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले घर की महिलाएं उद्योग, उत्पादन और लेखा-जोखा में दक्ष होती थीं, इसलिए उन्हें 'गृहलक्ष्मी' कहा जाता है।

कार्यक्रम में जिज्ञासा-समाधान सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर वैद्य ने दिए। अंत में वंदे मातरम्-गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पुलिस अधीक्षक ने डायल-112 चालकों से की चर्चा, जनता की सेवा के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा "डायल-112" आकस्मिक सेवा से जुड़े चालकों (पायलटों) के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य डायल-112 सेवा को और अधिक प्रभावी,त्वरित एवं जनहितैषी बनाना रहा।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पायलटों को निर्देशित किया कि किसी भी घटना की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर प्रभावी प्रतिक्रिया दें। साथ ही, घायलों को सुरक्षित स्थान एवं अस्पताल तक पहुंचाने तथा मेडिकल आपात स्थितियों में समयबद्ध सहायता प्रदान करने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

चालकों को आमजन के साथ विनम्र, संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार बनाए रखने के लिए प्रेरित किया, जिससे पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी चालकों की समस्याएं भी सुनी गईं तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया।

## खबर संक्षेप

### बैंकॉक में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा कार्तिक

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़े छोटे शहर ललितपुर का एक साधारण परिवार से आने वाला युवक आज अपनी मेहनत और जुनून के दम पर देश का नाम रोशन करने जा रहा है। कार्तिक करोसिया, जिसने हाल ही में दिल्ली में आयोजित बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा, अब भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बैंकॉक (थाईलैंड) रवाना होगा। दिल्ली में गोल्ड मेडल जीतने के बाद अब उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर भारत को रिप्रेजेंट करने का मौका मिला है, जो उनके साथ-साथ पूरे ललितपुर के लिए गर्व की बात है।

### आंधी-बारिश में दीवार गिरने से महिला की मौत, पति गंभीर घायल

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चुरावनी गांव में रविवार दोपहर तेज आंधी और बारिश के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 3 बजे की है। बताया जा रहा है कि दीवार के ऊपर छप्पर डला हुआ था, जो तेज आंधी के चलते अचानक भरभराकर गिर गया। मलबे की चपेट में आने से घर में मौजूद पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा तत्काल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने 45 वर्षीय अहिल्या पत्नी मेघराज को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनके पति 50 वर्षीय मेघराज पुत्र आसाराम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सीएचसी के डा.नितिन बजाज ने बताया कि महिला की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि घायल पुरुष की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। प्रशासन द्वारा मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### एसडीएम ने किया केंद्रों का निरीक्षण

**ग्यारसपुर।** एसडीएम शशि मिश्रा ने चक्क पाटनी, चिरावटा और ग्यारसपुर स्थित मंगलम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने तुलाई व्यवस्था, नमी मापदंड और रिकॉर्ड संधारण की बारीकी से जांच कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला परियोजना प्रबंधक संजय चौरसिया सहित अन्य अधिकारियों ने तौल कांटों व कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। हमालों, सर्वेयर व वेयरहाउस संचालक से चर्चा कर व्यवस्थाओं का आकलन किया गया। समूह की महिलाओं से संवाद कर उपार्जन कार्य सुचारू रखने निर्देश दिए गए।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का समापन

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुपता के निर्देशन में अनुसूचित जाति कन्या महाविद्यालय छात्रावास में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का समापन हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में बालिकाओं को जेंडर समानता, आत्म-सुरक्षा, लैंगिक हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य व हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने अधिकारों व शिकायत प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।

### एसडीएम ने आयुष केंद्र का निरीक्षण किया

**विदिशा।** नटेरन एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने ग्राम खड़ेर स्थित आयुष औषधालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित मिला, जिस पर उन्होंने संतोष जताया। औषधालय में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए 23 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एसडीएम ने दवाओं की उपलब्धता, उपचार व्यवस्था एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

### गेहूं खरीदी स्लॉट बुकिंग में अफरातफरी, सर्वर डाउन से किसान परेशान

**शमशाबाद।** समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया से किसान परेशान हैं। बड़े किसानों के लिए स्लॉट सीमा बढ़ाए जाने के बाद रात 8 बजे जैसे ही पोर्टल खुला,किसानों ने ऑनलाइन बुकिंग का प्रयास शुरू कर दिया।

विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# मलेरिया उन्मूलन के लिए जनभागीदारी स्वच्छता व जागरूकता आवश्यकः शुक्ला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व मलेरिया दिवस पर लेक्चर थियेटर-2 में जागरूकता एवं अकादमिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मलेरिया की रोकथाम, नियंत्रण, समय पर निदान एवं प्रभावी उपचार के प्रति जनसामान्य को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि मलेरिया रोके जाने योग्य एवं उपचार योग्य रोग है, जिसके उन्मूलन के लिए जनभागीदारी, स्वच्छता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डा.रवि पचौरी ने मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मच्छरजनित रोगों से बचाव के लिए स्वच्छ वातावरण, जलभराव की रोकथाम और नियमित स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग जरूरी है। कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने-अपने विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। डा.मनोज सोनी ने मलेरिया के जनस्वास्थ्य महत्व एवं रोकथाम, डा.सूरवीर सिंह ने मच्छरजनित रोगों की रोकथाम में सामुदायिक भूमिका, डा.प्रद्युम्न वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर मलेरिया प्रबंधन, डा.दिव्या स्वामी ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों जैसे संवेदनशील समूहों में मलेरिया नियंत्रण तथा डा.आशीष निरंजन ने जनजागरूकता और जनसहभागिता की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ रेजिडेंट, इंटर्न, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से मलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया।

## राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पोटली का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र पर क्षयरोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने कहा कि इसका उद्देश्य मरीजों के पोषण स्तर को बेहतर बनाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। क्षयरोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये मरीजों को गोद लेने की योजना संचालित की गयी है, इसमें आमजन, अधिकारी व समाजसेवी संगठन मरीजों को गोद ले सकते हैं। इसके बाद मरीजों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिये पोषण किट वितरण की जाती है। उप जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ धीरेन्द्र वैध ने कहा कि टीबी एक पूर्णतः इलाज योग्य बीमारी है बशर्ते मरीज नियमित रूप से दवा लें और उचित पोषण प्राप्त करें। पोषण पोटली जैसी पहल मरीजों के इलाज को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमारा लक्ष्य है कि हर मरीज को न केवल दवा बल्कि पर्याप्त पोषण भी मिले, ताकि वह जल्दी से जल्दी स्वस्थ्य होकर सामान्य जीवन में लौट सके। उन्होंने आगे बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं और समुदाय की सहभागिता इस अभियान की सफलता के लिये अत्यंत आवश्यक है।




बुंदे सेना ने 2 घंटे का सत्याग्रह किया

## नए स्मार्ट मीटर से विद्युत विभाग डाका डाल रहाः टीटू कपूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्थानीय कम्पनी बाग में बुंदेलखंड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की नेतृत्व में 2 घंटे का सत्याग्रह किया । इस दौरान शहर में बिजली विभाग द्वारा लगाये गये स्मार्ट प्रीपेड मीटर द्वारा रिचार्ज करवाने के बावजूद ज्यादा बिल आने पर गहरा रोष व्यक्त किया गया । इस मौके पर विद्युत विभाग के खिलाफ जम कर नारेबाजी की गई। सेना प्रमुख ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रदेश सरकार की साख को बट्टा लगा रहे हैं। इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में पड़ सकता है। उक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर कई गुना तेजी से भागते है जिस कारण जनता की जेबों पर भारी बोझ पड़ रहा है । उक्त स्मार्ट मीदर को रिचार्ज करने के बाबजूद ज्यादा का बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है तथा इसके साथ साथ मैसेज भेजकर विद्युत कनेक्शन काटने के लिए उपभोक्ताओं को धमकाया जा रहा है । सेना प्रमुख ने कहा कि आगामी शनिवार को बु. वि. सेना स्मार्ट मीटर के विरोध में जंगी प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि उक्त प्रीपेड स्मार्ट मीटरों को बदले जाने तक बुंदेलखंड विकास सेना चैन से नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि यदि इन कथित स्मार्ट मीटरों को तत्काल प्रभाव से नहीं बदला गया तो बुंदेलखंड विकास सेना उग्र आंदोलन छेड़ने को बाध्य हो जायेगी। सत्याग्रह के दौरान अशोक देवलिया, फईम शबनम, रामप्रकाश झा, प्रेमशंकर गुप्ता, अमर सिंह बुंदेला, खुशाल बरार, परवेज पठान, भैयन कुशवाहा, प्रकाश पेंटर, देवेन्द चौधरी, नन्दराम कुशवाहा,गफूर पेंटर, राजेश शर्मा, प्रदीप साहू, बलराम चौहान, अक्षय साहू, कदीर खां, प्रांजुल शर्मा, पुष्पेन्द्र शर्मा, सुजीत धानुक, आशाराम नगेले, विनोद साहू, प्रमोद धानुक, आदि मौजूद रहे ।

**सेना अगले शनिवार को स्मार्ट मीटर के विरोध में फिर प्रदर्शन करेगी**

## सीबीएसई बोर्ड में कक्षा 10 में 97 फीसदी अंक प्राप्त करने पर खुशी नामदेव को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अखिल भारतीय नामदेव समाज संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष के.के.नामदेव की सुपुत्री खुशी नामदेव ने कक्षा 10 में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं उनकी इस शानदार उपलब्धि पर मध्य प्रदेश नामदेव से सत्येंद्र मित्रा और संतोष नामदेव, देवेंद्र नामदेव, सत्यनारायण नामदेव एवं विष्णु नामदेव द्वारा खुशी नामदेव का श्रीफल, पट्टिका, माला एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। सभी लोगों ने खुशी नामदेव को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि भविष्य में भी ऐसे ही पढ़ाई कर अपने परिवार और नामदेव समाज का सिर गर्व से ऊंचा करती रहो। होनहार छात्रा खुशी नामदेव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा दादी, मम्मी पापा, अपने शिक्षकों को और अपनी खुद की मेहनत को दिया। इस दौरान नगर अध्यक्ष दीपक नामदेव पटवारी, महामंत्री छोटेलाल नामदेव, पवन नामदेव, महेश नामदेव, जगदीश नामदेव पत्रकार, सरमन नामदेव, श्रीराम नामदेव, पूर्व अध्यक्ष दीपक नामदेव, उपाध्यक्ष मुन्नूलाल नामदेव, अजय नामदेव एड. हरिश्चंद्र नामदेव, अशोक नामदेव, राजकुमार नामदेव, महेश नामदेव, डा.विनोद नामदेव, प्रमोद नामदेव एड., विनोद नामदेव, अवधेश नामदेव, मनोज नामदेव, मनोहर नामदेव, भगवानदास नामदेव, दीपक नामदेव, विनोद नामदेव, रामजी नामदेव, रोहित नामदेव, अंशू नामदेव, समय नामदेव, राज नामदेव, सोम नामदेव मौजूद रहे।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया

## सरस्वती विद्या मंदिर के मेधावियों विद्यार्थियों का सम्मान किया, मिठाई खिलाकर सफलता का जश्न भी मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महरौनी

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने हेतु सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, महरौनी में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में जिला स्तर पर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

### माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर दी बधाई

समारोह में उपस्थित अतिथियों और विद्यालय प्रबंधन ने जिला टॉपर भैया-बहनों का भव्य स्वागत किया। सभी मेधावियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का जश्न मनाया गया। उपस्थित वक्ताओं ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्यों और विद्यालय प्रबंधन समिति ने बधाई दी।

बाल कल्याण समितिः मुन्नालाल जैन 'अभिलाषा', महेश मिश्रा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, जितेंद्र वैध, जमुना प्रसाद साहू, महेंद्र मयूर, डॉ. दीपक चौबे, सुदेश सोनी, वैभव सर्राफ एवं अक्षय अलया।

विद्यालय प्रबंधन समितिः मुन्नालाल जैन 'अभिलाषा' (अध्यक्ष), राकेश कुमार (प्रबन्धक), जमुना प्रसाद साहू (कोषाध्यक्ष), ज्ञानेंद्र कुमार (प्रधानाचार्य), आचार्य परिवार को भी मिली सराहना।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रबंधन ने विद्यालय के समस्त आचार्य बन्धुओं और आचार्या बहिनों को भी बधाई दी। विद्यालय परिवार ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और कठोर परिश्रम के बिना ऐसी सफलता संभव नहीं थी। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की है, बल्कि पूरे विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की जीत है। विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। हमारा उद्देश्य ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करना है।

## चलती ट्रेन में परिवार पर हमला किया, महिलाओं-बच्चों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

चलती ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है। भोपाल से ग्वालियर जा रहे एक परिवार के साथ ट्रेन के जनरल डिब्बे में दबंगों द्वारा जमकर मारपीट और अभद्रता की गई। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी ललितपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित मध्य प्रदेश के शब्द प्रताप आश्रम, कांटे साहब का बाग निवासी अनूप सम्बालिया पुत्र देवराज सम्बालिया ने जीआरपी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 02 अप्रैल 2026 की रात लगभग 11 बजे वह अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 20423 पातालकोट एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में यात्रा कर रहे थे। ललितपुर स्टेशन से 4-5 अज्ञात व्यक्ति डिब्बे में चढ़े और बिना किसी कारण के पीड़ित से विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए पीड़ित के भाइयों लक्ष्मण और देवेंद्र को भी पीटा गया। हमलावरों ने महिलाओं और बच्चों के साथ भी मारपीट और गाली-गलौज की। आरोप है कि पीड़ित द्वारा रेलवे हेल्पलाइन 139 पर कॉल करने के बावजूद कोई मदद नहीं मिली। ट्रेन जब ग्वालियर स्टेशन पहुंची तो आरोपियों ने दोबारा हमला किया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर जीआरपी में एफआईआर दर्ज की है।

ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार करने के लिए पहल

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 10 लाख रुपए तक का ऋण मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण और सरकारी सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। उद्योग की स्थापना केवल ग्रामीण क्षेत्र में ही मान्य होगी। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए (वित्तीय वर्ष की पहली तारीख के अनुसार), योजना के अंतर्गत अधिकतम 10 लाख रुपये तक की परियोजना के लिए ऋण उपलब्ध है। सामान्य श्रेणी (पुरुष) के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग (महिला, अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांग) को 5 प्रतिशत अंशदान स्वयं वहन करना होगा। सामान्य श्रेणी के पुरुषों को 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं देना होगा, शेष ब्याज पर 5 वर्षों तक सब्सिडी मिलेगी। आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को बैंक द्वारा प्रभारित संपूर्ण ब्याज पर 5 वर्षों तक ब्याज उपदान (सब्सिडी) की सुविधा दी जाएगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ परियोजना रिपोर्ट, शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण-पत्र और ग्रामीण क्षेत्र में कार्यशाला होने का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

प्रेमिका की शादी से आहत था

## युवक ने फांसी लगाई, परिजनों का मंडप में शव रखकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पाली तहसील अंतर्गत बालाबेहट थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना से जहां एक ओर शादी समारोह की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं, वहीं मौके पर जमकर हंगामा भी हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक अपनी प्रेमिका की शादी तय होने से गहरे सदमे में था। बताया जा रहा है कि शादी समारोह के दौरान ही उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर मिलते ही परिवार और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आक्रोशित परिजनों ने युवक का शव उठाकर सीधे लड़की के विवाह मंडप में रख दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया तथा शादी की रस्में भी बाधित हो गईं। सूचना मिलते ही बालाबेहट थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पांच मई तक आवेदन करें

## माटीकला कौशल विकास योजना में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला कौशल विकास योजना के अंतर्गत जनपद में 15 दिवसीय निशुल्क शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पूर्ण रूप से आवासीय होगा, जिसका उद्देश्य माटीकला शिल्प को प्रोत्साहित करना तथा पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीकों से जोडना है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पारंपरिक एवं आधुनिक शिल्प तकनीकों का समन्वय सिखाया जाएगा। इसके साथ ही आधुनिक उपकरणों के उपयोग, उत्पाद डिजाइन, रंग संयोजन, विपणन कौशल एवं ब्रांडिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण उत्पाद निर्माण के लिए तकनीकी सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 23 अप्रैल से 5 मई तक ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय ललितपुर में संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए संपर्क नंबर जारी किया गया है।

**15 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण रूप से आवासीय होगा**

शक्ति और अनुशासन का संगम, पुलिस लाइंस में दीक्षांत परेड

# आरक्षियों की नई खेप को पुलिस सेवा में शामिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





रिजर्व पुलिस लाइंस में रविवार को प्रशिक्षु आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 अत्यंत भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। महीनों के कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन के बाद प्रशिक्षु आरक्षियों की नई खेप अब उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बन गई। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी उ.प्र. अखिलेश कुमार निगम रहे। उनके साथ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि ने वाहन पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और आरक्षियों के अनुशासन, टर्न-आउट व समर्पण की सराहना की। दीक्षांत परेड समारोह का मुख्य आकर्षण प्रशिक्षु आरक्षियों की सुसंगठित मार्च पास्ट रहा। आरक्षियों ने कदमताल और तालमेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। उनके चेहरे पर आत्मविश्वास और गर्व साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त रहने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक ने सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को निष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी अखिलेश कुमार निगम ने कहा कि ये नवप्रशिक्षित आरक्षी पुलिस की संवेदनशीलता और सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा देंगे। राज्यमंत्री मनोहर लाल एवं सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने भी आरक्षियों को शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण के दौरान आरक्षियों को आधुनिक और तकनीक आधारित पुलिसिंग के लिए तैयार किया गया। प्रशिक्षण के प्रमुख बिंदुओं में कम्यूनिटी पुलिसिंग और संवाद कौशल, तकनीक आधारित पुलिसिंग (सीसीटीवी, डिजिटल साक्ष्य, डेटा विश्लेषण), जनउन्मुख और संवेदनशील व्यवहार, नए आपराधिक कानूनों का अध्ययन, फॉरेंसिक जांच तकनीक, साइबर क्राइम नियंत्रण, दंगा नियंत्रण एवं भीड़ प्रबंधन, शारीरिक दक्षता, ड्रिल व हथियार संचालन रहा। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु आरक्षियों को सम्मानित किया गया, जिनमें देवदत्त भरंगर (चेस्ट नं. 361) ने 1261/1500 अंक प्राप्त कर सर्वांग सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया। वहीं नीरज गौतम (चेस्ट नं. 279) ने 727/800 अंक के साथ अंतः कक्षीय विषय में प्रथम, देवदत्त भरंगर ने 491/600 अंक के साथ बाह्य विषयों में प्रथम शामिल रहे। वहीं राहुल (चेस्ट नं. 307), द्वितीय प्रियांशु सिंह (चेस्ट नं. 20), तृतीय मयंक यादव (चेस्ट नं. 190) को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों ने अपने बच्चों को वर्दी में शानदार परेड करते देखा तो गर्व से भावुक हो उठे। महीनों की मेहनत का यह परिणाम उनके लिए अविस्मरणीय रहा। दीक्षांत परेड समारोह ने यह संदेश दिया कि उत्तर प्रदेश पुलिस अब और अधिक आधुनिक, तकनीक-सक्षम और जनसेवा के प्रति समर्पित दिशा में आगे बढ़ रही है।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल
मो. 8770833858, 8349245522